प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.10 शनिवार** **दिनांक 12.04.2025**

**मुख्य समाचारः—**

- बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन माओवादी मारे गए—दंतेवाड़ा जिले में आठ माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।
- रायपुर में आयोजित किया जा रहा है अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ का अधिवेशन—देश के इक्कीस राज्यों के विद्युत श्रमिक हो रहे हैं शामिल।
- छत्तीसगढ़ के सभी सत्रह जिला स्तरीय उपभोक्ता आयोगों में अगले तीन महीने में ई—सुनवाई की व्यवस्था लागू की जाएगी।
- हनुमान जन्मोत्सव आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

**अब समाचार विस्तार से .....**

<u>माओवादी मुठभेड़/आत्मसमर्पण</u>

बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में तीन माओवादी मारे गए हैं। मारे गए सभी माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि इनमें से एक माओवादी की पहचान एलओसी कमांडर अनिल पूनेम के रूप में हुई है।

बीजापुर जिले में ही आज सुरक्षा बलों की टीम ने रानीबोदली और कत्तूर के बीच कच्चे रास्ते से बीस किलो वजनी आईईडी बरामद किया, जिसे बम निरोधक दस्ते की टीम ने मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया।

उधर, दंतेवाड़ा जिले में लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर आठ माओवादियों ने आज पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें से दो माओवादियों पर पचास–पचास हजार रूपये का इनाम घोषित था। इन माओवादियों पर अपने–अपने क्षेत्र में सड़क काटने और बैनर–पोस्टर लगाने की घटना में शामिल रहने का आरोप है। आत्मसमर्पण करने वाले सभी माओवादियों को पुनर्वास नीति के तहत पचास–पचास हजार रूपये की सहायता राशि के साथ राज्य सरकार द्वारा मिलने वाली अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

<u>आत्मसमर्पण–प्रोत्साहन राशि</u>

राज्य सरकार नई नक्सलवादी आत्मसमर्पण नीति के तहत हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को सुरक्षा के साथ–साथ प्रोत्साहन राशि भी देगी। साथ ही उन्हें शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और रोजगार व्यवसाय से भी जोड़ा जाएगा। नई नीति के तहत एलएमजी हथियार के साथ आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को पांच लाख रूपये मुआवजे के रूप में दिया जाएगा। इसी तरह, एके–सैंतालीस, त्रिची असॉल्ट रायफल पर चार लाख रूपये, मोर्टार पर ढाई लाख, एसएलआर–इंसास रायफल पर दो लाख और अन्य हथियारों के साथ आत्मसमर्पण करने पर भी मुआवजे का प्रावधान है। इसके अलावा आत्मसमर्पण करने वाले हर माओवादी को चाहे उसके पास हथियार हो या न हो, उसे पचास हजार रूपये की नगद प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। साथ ही आत्मसमर्पित माओवादी यदि माओवादियों द्वारा आईईडी या विस्फोटकों की सूचना देकर बरामद कराते हैं, तो उन्हें पंद्रह से पच्चीस हजार रूपये तक की राशि दी जाएगी। बड़े हथियार, डम्प या विस्फोटक सामग्री की जानकारी देने पर एक लाख रूपये तक का इनाम मिलेगा। वहीं, आत्मसमर्पण करने वाले माओवादी विवाह के इच्छुक हैं, तो उनको एक लाख रूपये की विवाह अनुदान राशि भी दी जाएगी।

## मुख्यमंत्री–मजदूर अधिवेशन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी में आयोजित अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ के अट्ठारहवें अधिवेशन में शामिल हुए। इस मौके पर श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार श्रमिक कल्याण और ऊर्जा के क्षेत्र में विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य में बिजली सरप्लस है, लेकिन आने वाले समय में बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए विद्युत उत्पादन क्षमता को बढ़ाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऊर्जा के क्षेत्र में तीन लाख पचास हजार करोड़ रूपये के निवेश प्राप्त हुए हैं। राज्य में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से हर घर तक बिजली पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इस पहल से राज्य सरकार हाफ बिजली से मुफ्त बिजली देने की ओर बढ़ रही है। इस योजना के लिए राज्य सरकार ने सब्सिडी देने बजट में प्रावधान भी किया है। इस अधिवेशन में देशभर के इक्कीस राज्यों से आए विद्युत श्रमिक शामिल हुए।

## उपभोक्ता जागरूकता सम्मेलन

उपमुख्यमंत्री तथा विधि विधायी कार्य मंत्री अरूण साव आज रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वारा आयोजित उपभोक्ता जागरूकता सम्मेलन में शामिल हुए। इस मौके पर श्री साव ने कहा कि उपभोक्ताओं को धोखाधड़ी और ठगी से बचाने तथा उन्हें जागरूक करने में राज्य और जिला स्तरीय उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को ई–जागृति पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन सुविधाएं भी मिल रही हैं। उनकी सहूलियत के लिए अब ऑनलाइन सुनवाई शुरू करने की तैयारी भी की जा रही है।

कार्यक्रम में राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने बताया कि राज्य आयोग में ई–सुनवाई की व्यवस्था है। आगामी तीन महीने में इस व्यवस्था को प्रदेश के सभी सत्रह जिला स्तरीय आयोगों में लागू किया जाएगा।

## जांजगीर–हादसा

जांजगीर–चांपा जिले में चांपा के कोटाडबरी में स्थित प्रकाश इंडस्ट्रीज में आज शाम हुए हादसे में बारह मजदूर बायलर भट्ठी की आग से झुलस गए हैं। इनमें से पांच नियमित और सात ठेका मजदूर हैं। प्लांट के अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराने के बाद इन मजदूरों को बेहतर इलाज के लिए रायपुर और भिलाई के अस्पताल भेजा गया है।

## हनुमान जन्मोत्सव

हनुमान जन्मोत्सव आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। हनुमान जन्मोत्सव चैत्र महीने की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस अवसर पर देशभर के हनुमान मंदिरों में आज सुबह से विशेष पूजा–अर्चना के साथ अनुष्ठान और भंडारे के आयोजन किए जा रहे हैं।

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आज राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के सभी हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतार देखी गई। वहीं, विभिन्न स्थानों पर सुंदरकांड और अखंड रामायण पाठ सहित अन्य धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। इस अवसर पर कई स्थानों पर शोभायात्रा भी निकाली गई।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर के रेलवे स्टेशन के पास स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर श्री साय ने हनुमान चालीसा का पाठ किया तथा प्रदेशवासियों की सुख–शांति और समृद्धि के लिए मंगल कामनाएं कीं।

वक्फ संपत्ति–केंद्रीय टीम

देश में वक्फ संशोधन बिल लागू होने के बाद केन्द्रीय अल्पसंख्यक मंत्रालय की दस सदस्यीय टीम छत्तीसगढ़ के दौरे पर है। इस टीम में राज्य वक्फ बोर्ड से भी दो सदस्य है। यह टीम राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के अन्य जिलों में वक्फ संपत्तियों का निरीक्षण कर रही है। साथ ही वक्फ संपत्तियों का जनहित और समाज हित में कैसे इस्तेमाल हो, इसका भी राज्य वक्फ बोर्ड को सुझाव दे रही है। राजधानी रायपुर में केंद्रीय टीम के सदस्यों ने राज्य वक्फ बोर्ड के पदाधिकारियों के साथ फातेहशाह बाजार का निरीक्षण किया, जो वक्फ की संपत्ति है। सदस्यों ने मस्जिद कमेटियों, मुतवल्लियों और समाज के लोगों को नये वक्फ संशोधनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उनके सवालों के जवाब भी दिए।

छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर सलीम राज ने बताया कि राज्य में दस सदस्यीय केंद्रीय टीम निरीक्षण के लिए आई है।

डॉक्टर राज ने यह भी बताया कि राज्य में वक्फ संपत्तियां कुछ लोगों के कब्जे में है। इन सभी संपत्तियों को मुक्त कराया जाएगा। दुकानदारों और भू–स्वामियों से नये सिरे से अनुबंध किया जाएगा।

मालगाड़ी–डिरेल

कोरबा जिले में आज एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई, जिससे कोयला परिवहन के प्रभावित होने की खबर है। मिली जानकारी के अनुसार जिले की मानिकपुर खदान से बालको जा रही कोयले से भरी मालगाड़ी का एक

डिब्बा कोरबा के शारदा विहार और पीपी नगर फाटक के बीच उतर गया। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है।

## दुर्घटना

दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर घाट के पास आज चारपहिया एक वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बारह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जबकि, दस लोगों को मामूली चोटें आई हैं। वाहन में चौबीस लोग सवार थे।

उधर, कोंडागांव में जयस्तंभ चौक के पास एक यात्री बस ने कई मोटरसाइकिलों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, चार अन्य लोग घायल हो गए हैं। बस की ठोकर से पांच मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई है।

## जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में "**दुर्ग**" जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

## कुछ समाचार संक्षेप में ...

* जांजगीर–चांपा पुलिस ने एक व्यक्ति से करीब एक करोड़ साठ लाख रूपये की धोखाधड़ी कर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले आरोपी को मुंबई से गिरफ्तार किया है। यह आरोपी पिछले आठ महीने से फरार था। इस मामले में पुलिस तीन अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

* कोंडागांव जिले की केशकाल पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–तीस पर एक कार से दो सौ पैंसठ किलोग्राम से अधिक गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे की कीमत छब्बीस लाख रूपये से अधिक बताई गई है।
* सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के बंजारी सब स्टेशन में बीती रात आग लग गई। इस घटना से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>